Bharat Temples

याद तेरी फिर आई खाटू श्याम जी,
मन मैना मुस्काई खाटू श्याम जी,
ओ बाबा श्याम जी मैं लेता नाम जी,
ओ बाबा श्याम जी मैं लेता नाम जी,
बना वो काम जी,
याद तेरी फिर आयी खाटू श्याम जी,
मन मैना मुस्काई खाटू श्याम जी।।

तर्ज तूने मुझे बुलाया शेरावालिये।

तूने मुझको पथ दिखलाया,
नीरस दिल को सरस बनाया,
तुम ही मेरे जीवन साथी,
तुम ही मेरे जीवन साथी,
प्रीत की ज्योत जगाई खाटू श्याम जी,
मन मैना मुस्काई खाटू श्याम जी,
याद तेरी फिर आयी खाटू श्याम जी,
मन मैना मुस्काई खाटू श्याम जी।।

चोखट पर तेरी नैन बिछाया,
अंतर में विश्वास जगाया,
तन दिवले की हो तुम बाती,
तन दिवले की हो तुम बाती,
कैसी लगन लगाई खाटू श्याम जी,
मन मैना मुस्काई खाटू श्याम जी,

याद तेरी फिर आयी खाटू श्याम जी,
मन मैना मुस्काई खाटू श्याम जी।।

तुमसे मेरा मेल पुराना,
जाने क्या बेदर्द जमाना,
चिंतन से अखियाँ भर जाती,
चिंतन से अखियाँ भर जाती,
दिल की तू ही दवाई खाटू श्याम जी,
मन मैना मुस्काई खाटू श्याम जी,
याद तेरी फिर आयी खाटू श्याम जी,
मन मैना मुस्काई खाटू श्याम जी।।

श्याम बहादुर नैन लड़ाकर,
रूप सलोना शिव दिखलाकर,
तू ही समधी तू ही नाती,
तू ही समधी तू ही नाती,
कर ले शीघ्र सुनाई खाटू श्याम जी,
मन मैना मुस्काई खाटू श्याम जी,
याद तेरी फिर आयी खाटू श्याम जी,
मन मैना मुस्काई खाटू श्याम जी।।

याद तेरी फिर आई खाटू श्याम जी,
मन मैना मुस्काई खाटू श्याम जी,
ओ बाबा श्याम जी मैं लेता नाम जी,
ओ बाबा श्याम जी मैं लेता नाम जी,
बना वो काम जी,
याद तेरी फिर आयी खाटू श्याम जी,
मन मैना मुस्काई खाटू श्याम जी।।

स्वर संजय मित्तल जी।

Source: https://www.bharattemples.com/yaad-teri-fir-aayi-khatu-shyam-ji/

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw